संख्या-15/20/95-का-4-2003

प्रेषक,

भुइयाँदीन,
विशेष सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन ।

सेवा में,

समस्त प्रमुख सचिव/ सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन ।

कार्मिक अनुभाग-4 लखनऊ :: दिनाँक:: 17 दिसम्बर, 2003

विषय:- लोक सेवा आयोग, उत्तर प्रदेश को समय से अधियाचन प्रेषित किया जाना ।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक, समसंख्यक परिपत्र दिनाँक 11 नवम्बर, 2003 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा "सम्मिलित राज्य/ प्रवर अधीनस्थ सेवा॥प्रारम्भिक॥ परीक्षा-2003 के अवशेष अधियाचन एवं " सम्मिलित राज्य/प्रवर अधीनस्थ सेवा॥प्रारम्भिक॥ परीक्षा-2004 के अधियाचन विलम्बतम् दिनाँक 30 नवम्बर, 2003 तक लोक सेवा आयोग को उपलब्ध कराये जाने का अनुरोध किया गया था । लोक सेवा आयोग द्वारा अवगत कराया गया है, कि उल्लिखित परीक्षाओं के अधियाचन अभी भी उन्हें उपलब्ध नहीं कराये गये हैं ।

2. उपर्युक्त के संबंध में, आपसे यह अनुरोध करने का मुझे पुन: निदेश हुआ है कि सम्पूर्ण सूचनाओं का समावेश करते हुए, समस्त अधियाचन, सुस्पष्ट विवरण, सेवा नियमावलियों की प्रति एवं आरक्षण की स्थिति को स्पष्ट करते हुए, यथाशीघ्र लोक सेवा आयोग को उपलब्ध कराने का कष्ट करें, ताकि लोक सेवा आयोग द्वारा निर्धारित तिथि 01 जनवरी, 2004 को उक्त परीक्षा का विज्ञापन प्रकाशित किया जा सके ।

भवदीय,
॥भुइयाँदीन॥
विशेष सचिव ।

संख्या-15/20/95॥1॥का-4-2003, तद्दिनाँक ।

प्रतिलिपि :-

1. समस्त विभागाध्यक्ष, उत्तर प्रदेश ।
2. सचिव, लोक सेवा आयोग, उत्तर प्रदेश, इलाहाबाद को उनके पत्र संख्या-270/॥1॥/ई-1/2003-2004, दिनाँक 11-12-2003 के संदर्भ में ।

आज्ञा से,
॥ भुइयाँदीन ॥
विशेष सचिव ।